प्रेस को सूचना नोट (प्रेस विज्ञप्ति संख्या 04/ 2024)

तत्काल प्रकाशन के लिए

भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण

भादूविप्रा ने 'संरक्षा और सुरक्षा अनुप्रयोगों के लिए भारतीय रेलवे को अतिरिक्त स्पेक्ट्रम के आबंटन' पर परामर्श पत्र जारी किया।

नई दिल्ली, 7 फ़रवरी 2024 - भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (भादूविप्रा) ने 'संरक्षा और सुरक्षा अनुप्रयोगों के लिए भारतीय रेलवे को अतिरिक्त स्पेक्ट्रम के आवंटन' पर एक परामर्श पत्र जारी किया है।

दूरसंचार विभाग, भारत सरकार ने अपने पत्र दिनांक 26.07.2023 के माध्यम से भादूविप्रा को सूचित किया कि भारतीय रेलवे ने अपनी संरक्षा और सुरक्षा प्रणालियों को बेहतर बनाने के लिए 700 मेगाहर्ट्ज बैंड में अतिरिक्त 5 मेगाहर्ट्ज युग्मित स्पेक्ट्रम को आबंटित करने का अनुरोध किया है। उक्त पत्र के माध्यम से दूरसंचार विभाग ने भादूविप्रा से इस मुद्दे पर जांच करने और अपनी सिफारिशें प्रदान करने का अनुरोध किया है।

2. इस संबंध में, हितधारकों से टिप्पणियां प्राप्त करने के लिए 'संरक्षा और सुरक्षा अनुप्रयोगों के लिए भारतीय रेलवे को अतिरिक्त स्पेक्ट्रम के आबंटन' पर एक परामर्श पत्र को भादूविप्रा की वेबसाइट (www.trai.gov.in) पर रखा गया है। परामर्श पत्र में उठाए गए मुद्दों पर हितधारकों से 6 मार्च 2024 तक लिखित टिप्पणियाँ और 20 मार्च 2024 तक प्रति-टिप्पणियाँ आमंत्रित की जाती हैं।

3. टिप्पणियां/ प्रति-टिप्पणियां, अधिमानतः इलेक्ट्रॉनिक रूप में advmn@trai.gov.in पर भेजी जा सकती हैं। किसी भी स्पष्टीकरण/ जानकारी के लिए श्री अखिलेश कुमार त्रिवेदी, सलाहकार (नेटवर्क, स्पेक्ट्रम और लाइसेंसिंग), भादूविप्रा से टेलीफोन नंबर +91-11-23210481 पर संपर्क किया जा सकता है।

वी. रघुनंदन

(वी. रघुनंदन)
सचिव, भादूविप्रा